प्रेस नोट दिनांक 15.03.2026 जनपद प्रतापगढ़

पीआरवी पुलिस टीम पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा डालने के प्रकरण में 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना बाघराय पुलिस की कार्यवाही, पीआरवी पुलिस टीम पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा डालने के प्रकरण में 01 अभियुक्त अरूण कुमार गिरफ्तार-

अभियुक्त को थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत गंगा एक्सप्रेस वे के नीचे से गिरफ्तार किया गया

प्रतापगढ़।
प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम देवरी हरदो पट्टी में पूर्व से चले आ रहे आपसी विवाद/रंजिश के कारण सूचना पर मौके पर पहुँची पीआरवी पुलिस टीम के साथ उपस्थित व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली गई, जान से मारने की नियत से हमला किया एवं ईंट-पत्थर से प्रहार कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 57/2026 धारा 191(1)/352/351(3)/121/132/109(1)/324(4) बीएनएस बनाम 05 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया । विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर धारा 125/115(2) बीएनएस की वृद्धि की गई तथा धारा 324(4) बीएनएस को संशोधित करते हुए धारा 324(5) बीएनएस में तरमीम किया गया। वर्तमान में प्रकरण की अग्रिम विवेचना धारा 191(2)/352/351(3)/121/132/109(1)/324(5)/115(2)/125 बीएनएस के अंतर्गत प्रचलित है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में **अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता** के कुशल पर्वेक्षण में **थाना प्रभारी बाघराय श्री श्रवण कुमार के नेतृत्व में थाना बाघराय के उ0नि0 देवी दयाल वर्मा मय हमराह उ0नि0 राहुल** द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर **मु0अ0सं0 157/26 धारा 191 (2)/352/351 (3)/121/132/109 (1)/324 (5)/115 (2)/125 बीएनएस** से संबंधित 01 अभियुक्त अरूण कुमार पुत्र सूर्य लाल गौतम निवासी ग्राम देवरी हरदो पट्टी थाना बाघराय जिला प्रतापगढ उम्र 26 वर्ष को थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत गंगा एक्सप्रेस वे के नीचे से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अरूण कुमार पुत्र सूर्य लाल गौतम निवासी ग्राम देवरी हरदो पट्टी थाना बाघराय जिला प्रतापगढ उम्र 26 वर्ष।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 देवी दयाल वर्मा मय हमराह उ0नि0 राहुल थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़।